# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या :........................................./सम्ब.अनु./2024

दिनांक : ........................................

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

**कार्यालय–ज्ञाप**

सूच्य है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या : 905/सत्तर–2–2019–16(11)/2017, दिनांक 04.12.2019 द्वारा नवीन महाविद्यालयों/संस्थानों को खोलने/पूर्व से संचालित महाविद्यालयों को नये विषयों की एन0ओ0सी0 दिये जाने हेतु प्राविधान किया गया है। तत्क्रम में **उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1968/सत्तर–2–2024–16(11)/2017टी.सी., दिनांक : 09.10.2024 द्वारा सत्र 2025–26** से अनापत्ति प्रदान किये जाने हेतु निर्धारित समयसारिणी के अनुसार शासन के दिये गये URL-"https://henoc.upsdc.gov.in" पर जिन **नवीन महाविद्यालयों द्वारा ऑन लाईन आवेदन किया गया है अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों द्वारा नये पाठ्यक्रमों/विषयों हेतु ऑन लाईन आवेदन दिनांक 15.12.2024 तक किया गया है**, उनके आवेदन की प्रति (हार्डकापी) विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में अग्रेतर कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा एन0ओ0सी0 हेतु उपरोक्तानुसार ऑनलाईन आवेदन किया गया है उनसे अपेक्षा है कि **ऑनलाईन आवेदन के प्रिन्ट आकट संलग्नकों सहित प्रस्ताव दिनांक 18.12.2024 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि निर्धारित समयानुसार अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित की जा सके अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**(विद्या नन्द त्रिपाठी)**
कुलसचिव

संख्या : Af-27854-56 दिनांक : 16/12/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव